देवी अहिल्या विश्वविद्यालय

प्रो. अजय कुमार, *प्रभारी ग्रंथपाल, (केंद्रीय ग्रंथालय)*
तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड इंदौर – 452 001

क्र.- केंद्रीय ग्रंथालय 2019-20 / 697 दिनांक - 15.07.2019

सूचना

(केंद्रीय ग्रंथालय हेतु)

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु जिन छात्रों ने नवीन सदस्यता हेतु आवेदन किया है उन्हें छोड़ कर नवीनीकरण के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को शुल्क भरने के पूर्व पुरानी अमानत राशी की मूल रसीद को प्रमाणिकत की जांच हेतु प्रस्तुत करना होगा, यदि किसी कारण से रसीद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो अपने बैंक स्टेटमेंट को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करे. जिन छात्रों ने बी.पी.एल. (गरीबी रेखा के नीचे) के अंतर्गत नवीन सदस्यता अथवा नवीनीकरण हेतु आवेदन किया है वे बी. पी.एल कार्ड की मूल प्रति एवं परिवार के समग्र आई. डी. की एक कम्पुटर कॉपी उपलब्ध करवाएं. कार्य परिषद् के निर्णय के अनुसार बी.पी.एल कार्ड धारकों अथवा उनसे निम्न (अनंतोदय कार्ड धारक) को ही शुल्क में छुट की पात्रता होगी. ए.पी.एल. (गरीबी रेखा के ऊपर) अथवा अन्य राशन कार्ड धारको को शुल्क में छुट की पात्रता नहीं होगी. बी.पी.एल. कार्ड की प्रमाणिकता सिद्ध नहीं होने पर छात्रों को पूर्ण शुल्क भरना होगा. भविष्य में भी यदि कोई दस्तावेज गलत पायें जाते हैं तो सदस्य की सदस्यता निरस्त किये जाने का अधिकार ग्रंथालय को होगा. फॉर्म में लगे सभी दस्तावेज छात्रों द्वारा स्वप्रमाणित किये जावेगे.

जिन छात्रों की दस्तावेज में कमी पायी जावेगी उन्हें पुनः दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु दो दिवस का समय दिया जावेगा. जिनकी बी.पी.एल कार्ड की जानकारी समग्र आई.डी. से नहीं जुड़ी हैं उन्हें बी.पी.एल कार्ड के मूल प्रति के आधार पर प्रवेश दे दिया जावेगा परन्तु बी.पी.एल की जानकारी समग्र आई डी से जुडवाने के उपरांत पात्रता पर्ची उन्हें 15 दिवस में ग्रंथालय को उपलब्ध करना होगा , अन्यथा उन्हें पूर्ण शुल्क भरना होगा.

नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान की जा सके इस हेतु जिन सदस्यों ने अपनी सदस्यता के तीन वर्ष पूर्ण कर लिए है उन्हें प्रवेश की पात्रता नहीं होगी. प्रतिवर्ष 30% नए छात्रों को सदस्यता प्रदान की जावेगी.

Ajay Kumar 15/7/19

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय

प्रो. अजय कुमार, *प्रभारी ग्रंथपाल, (केंद्रीय ग्रंथालय)*

तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड इंदौर – 452 001

सदस्यता हेतु उपलब्ध स्थानों की सारणी

वर्ग	पूर्वाहन 8.00 – 1.45	अपराहन 2.00 – 7.45	कुल
दिव्यांग नवीनीकरण	05	05	10
दिव्यांग नवीन	05	05	10
अन्य नवीनीकरण	175	175	350
अन्य नवीन	75	75	150
कुल	260	260	520

जिस वर्ग में लाटरी के द्वारा सदस्यता प्रदान की जायेगी है उनमे निर्धारित स्थान के अतिरिक्त 50% नाम प्रतीक्षा सूची में रखे जावेंगे, एवं किसी सदस्य के सदस्यता नहीं लेने पर क्रम अनुसार SMS अथवा Whatsapp के माध्यम से सदस्य बनने हेतु सूचित किया जावेगा. विशेष सदस्यों हेतु सदस्यता 15 अगस्त तक ही दी जावेगी.

छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इम्पोर्टेन्ट नोटिस पर जाकर प्राप्त आवेदन की सूची से अपना फॉर्म नंबर / लाटरी टोकन नंबर नोट कर लें, क्योंकि इसके आधार पर ही आपको अपना नाम सदस्यता सूची में देखना है. क्रम के अनुसार एक दिन में 50 छात्र (25 New : 25 Renew) टोकन प्राप्त कर दिनांक 16.07.2019 से प्रातः 10.30 बजे से दस्तावेज की जांच करवा कर फीस जमा करने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें. Link: https://www.dauniv.ac.in/view-all/important-announcements

Ajay kumar 15/7/15

(डा. अजय कुमार)

प्रभारी ग्रंथपाल

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

प्रतिलिपि:

1. कुलपति जी के सचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
2. कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
3. प्रभारी, आई.टी.सेंटर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु
4. सूचना पटल, केंद्रीय ग्रंथालय, तक्षशिला परिसर, इंदौर